# पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने की दिशा में कदम उठाएं : केदारनाथ अग्रवाल

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। अग्रवाल वैश्य समाज ने प्रदेश में बिगड़ रही पर्यावरण की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि प्रदूषित हो रहा पर्यावरण इस बात का सूचक है कि हमें अपने पर्यावरण को बचाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। जिनमें हमें पेड़ पौधों को लगाने पर जोर देना होगा। सड़कों के किनारे बड़े पेड़ लगाने होंगे ताकि गाड़ियों से पैदा होने वाले प्रदूषण को रोकने की दिशा में काम हो सके।

अग्रवाल वैश्य समाज के संगठन मंत्री केदार नाथ अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के बिगड़ते पर्यावरण को देखते हुए अग्रवाल वैश्य समाज में फैसला किया है कि आने वाली 22 नवंबर को संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता अपने-अपने शहरों में पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने की दिशा में कदम उठाएंगे। इससे समाज के लोग प्रदेश के पर्यावरण के प्रति अपनी चिंता जाहिर करेंगे और उसकी रक्षा के प्रति अपना कर्तव्य निभाएंगे। केदार नाथ अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए जो उपाय किए हैं वह गैर जरूरी और सही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हर साल इन दिनों में यह समस्या सामने आ रही है। सरकार को चाहिए कि वह इस समस्या के मूल कारणों में जाकर उसका वैज्ञानिक और व्यवहारिक समाधान तलाशना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों के सिर पर ठीकरा फोड़ना एक सामान्य सी बात हो गई है लेकिन इसके पीछे के मूल कारणों को जानकर ही समाधान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अशोक बुवानीवाला ने ग्रेप 4 के



नियमों के कारण निर्माण कार्य बंद होने पर चिंता जताते हुए बताया है कि इससे प्रदेश में 5 लाख से ज्यादा लोगों का रोजगार प्रभावित हुआ है। प्रदेश में 5 लाख मजदूर हाथ पर हाथ धरकर बैठने पर मजबूर हो गया है। ऐसे में उसके सामने रोजी-रोटी का संकट भी पैदा हो गया है।

केदार नाथ अग्रवाल ने कहा कि जहां तक पराली का सवाल है। यह सही है की पराली को जलाने से रोकने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए लेकिन यह भी सच है कि आज से 10 साल पहले भी पराली जलती थी, लेकिन तब पर्यावरण पर इतना असर नहीं होता था। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की असली वजह इस समय का मौसम भी है और ऐसे में सरकार को ठोस कदम उठाते हुए निजी वाहन जो पेट्रोल और डीजल से चलते हैं उनको रोकने की दिशा में कदम उठाना चाहिए और सार्वजनिक वाहनों पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पांचवी तक की कक्षाएं बंद करने से स्कूल वाहनों के संचालन में कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। अगर सरकार स्कूलों में आने वाले अध्यापकों की गाड़ियों से आने पर प्रतिबंध लगाती तो पर्यावरण में कुछ सुधार नजर आ सकता था।

# लापता युवती को संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए मऊ उत्तर प्रदेश से किया तलाश

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। बता दे कि 04 नवम्बर को पुलिस चौकी सेक्टर-16 में लडकी (19) के पिता ने एक शिकायात दी। जिसमें उसने बताया कि उसकी लडकी कॉलेज में पढ़ती है जो घर से बिना बताए निकल गई है। जिसपर मामला दर्ज कर लडकी की तलाश की जा रही थी।

मामले में अपराध शाखा ऊंचा व पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए अपने गुत सूत्रों से प्राप्त सूचना से मऊ जिला उत्तर प्रदेश का पता लगया। जहां से लडकी को तलाश कर फरीदाबाद लाया गया। लडकी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने



परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज थी जिसके कारण वह बिना बताए घर से निकल गई थी। जिसको परिजनों के हवाले किया है। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

# उच्च शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज दर पर मिलेगी सब्सिडी : डीसी विक्रम सिंह

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक आर्थिक स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। परिवार के पास सीमित साधनों के कारण महिलाओं को उच्च शिक्षा (जैसे व्यावसायिक/ तकनीकी डिप्लोमा स्नातक व चिकित्सा सम्बन्धी इत्यादि) देने से रोक दिया जाता है। अत्यधिक फीस व बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज दर के भार को कम करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम ने दिनांक :- 01.04.2007 से बैंकों के माध्यम से महिलाओं /लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज दर पर सबसिडी देने की पहल की है। इसमें देश व विदेश में शिक्षा लेने वाली महिलाओं / लड़कियों को लाभ मिल सकता है।

**पात्रता :**

ऋण बैंक की उच्च शिक्षा स्कीम के अनुसार ही मिलेगा, प्रत्येक हरियाणा निवासी महिला/लड़की ऋण की पात्र है, शिक्षा के लिए आमदनी, जाति एंव



सम्प्रदाय मापदंड नहीं है, हरियाणा सरकार कर्मचारीयों की लड़कियों / महिलाओं भी ऋण की पात्र है, व्यवसायिक/ तकनीकी डिप्लोमा स्नातक, स्नातकोतर, चिकित्सा इत्यादि कोर्स के लिए ऋण लेने के पात्र है।

**ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया**

1. ऋण के लिए आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंक से लेकर उसमें वर्णित सभी औपचारिकताएं पूरी करके उसी बैंक में जमा करवाना है तथा आवेदन पत्र की एक प्रतिलिपि महिला विकास निगम के सम्बन्धित जिले में जिला प्रबंधक के पास देनी होगी।

2. ऋण स्वीकृत होने के बाद बैंक स्वीकृत पत्र की एक प्रति सम्बर्नधित जिला प्रबंधक को भेजेगा।

3. बैंक ऋण के वितरित होने वाली हर किस्त के बाद दिनांक व ऋण की राशि सहित प्रति जिला प्रबंधक कार्यालय में भेजेगा।

4. प्रार्थी का कोर्स खत्म होने तक या खत्म होने के दो साल के अन्दर अपनी फाईल

कार्यालय में जमा करवा सकता है। उसके बाद फाइल स्वीकार नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु निगम के जिला प्रबंधक कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम, छठी मंजिल, उपायुक्त कार्यालय, सेक्टर- 12, फरीदाबाद पर संपर्क कर सकते है और दिए गए नंबर : 7015487239 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# पुलिस उपायुक्त जसलीन कौर ने पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम कर छात्रों को किया जागरुक



समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर के नेतृत्व में शिव नादर स्कूल, सेक्टर-81, फरीदाबाद में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक करते हुए यातायात नियमों के महत्व और पालन के लिए प्रेरित किया।

**यातायात नियम :**

पुलिस उपायुक्त यातायात ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ उन्होने ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी बच्चों को हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू किए गए ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी गई। हिट एंड रन घटनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि घायल व्यक्तियों और मृतकों के परिवारों को दी जाने वाली मुआवजा राशि और उसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों से अपील की गई कि वे ऐसे मामलों में जानकारी उपलब्ध करवाकर पीड़ित परिवारों की मदद करें।

**प्रश्नोत्तर सत्र:**

विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा और यातायात पुलिस से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर ने विस्तृत और सरल तरीके से उत्तर दिया।

**ट्रैफिक एंबेसडर बनने का आह्वान:**

सत्र के अंत में, पुलिस उपायुक्त ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे यातायात पुलिस के एंबेसडर बनें और फरीदाबाद को सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने मित्रों, परिवार, और सगे-संबंधियों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

# विधायक आफताब की नव नियुक्त डीसी से बैठक, जिले के मुद्दों को उठाया

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। हाल ही में विधानसभा सत्र से वापस लौटे नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने हाल ही में नूंह में नियुक्त किए गए जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार आईएएस से बैठक कर जिले के प्रमुख मुद्दों को उठाया और उनके समाधान के लिए कहा है।

विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त से किसानों के मुद्दों के समाधान पर कहा कि मानसून में अत्यधिक बारिश के कारण पिछली खरीफ की फसल भी खराब हो गई और अब जल मग्न खेतों के कारण आने वाली रबी की फसल भी प्रभावित हुए है जिससे किसानों को गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। विधायक ने किसानों को मुआवजे का मामला विधानसभा के साथ जिला उपायुक्त के समक्ष उठाया है।

विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त के समक्ष नूंह शहर की साफ़ सफाई और स्ट्रीट लाइट आदि के मामले उठाकर तत्काल समाधान के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शहर में पूरी तरह से साफ़ सफाई सुनिश्चित की जाए और लोगों के स्वास्थ्य के लिए बीमारी पनपने से



रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाएँ। विधायक आफताब अहमद ने जिले में जल निकासी के समाधान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नूंह शहर सहित काफी गांवों यहां तक कब्रिस्तान और सरकारी इमारतों में पानी भराव है जिसका मामला पहले भी उठाया था, जिससे कुछ जल निकासी तो हुई लेकिन अभी भी काफी जगह जल भराव की स्थिति है।

विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि विशेष गिरदावरी कराकर किसानों को फसल के नुकसान की गणना कर मुआवज़ा दिया जाए। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि दर्जनों गांव में शामिल हैं जहां तत्काल रूप से पानी निकासी व्यवस्था की जाए। उन्होंने किसानों को खाद मिलने में आ रही परेशानियों के निदान के लिए कहा है।

विधायक ने जल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति सहित लंबित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के लिए कहा है। इस दौरान यातायात सुविधाओं में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी सुधार के लिए बात हुई।

विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त से कहा कि जल मग्न इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की सहायता से पानी जमा होने के कारण बीमारियों को ना पनपने दिया जाए, इसके लिए व्यापक आवश्यक कदम उठाये जाएँ।

विधायक आफताब अहमद को आश्वासन देते हुए जिला उपायुक्त ने कहा कि गंभीरता पूर्वक इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान विधायक के साथ पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद सहित स्थानीय जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद थे।

# जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, फरीदाबाद द्वारा जिला जेल नीमका में महिला कैदियों के लिए किया गया स्वास्थ्य जांच शिविर तथा कानूनी सहायता कार्यक्रम का आयोजन

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा जिला जेल नीमका, फरीदाबाद में महिला कैदियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन प्राधिकरण के सह-अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में तथा प्राधिकरण की सह-सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रितु यादव की प्रमुख देखरेख में किया गया। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में स्थानीय अमृता अस्पताल का विशेष सहयोग रहा।

शिविर में महिला कैदियों की नेत्र जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम ने कैदियों की स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन किया और उन्हें



आवश्यक परामर्श दिये। कैदियों को उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल के लिए जानकारी दी गई।

इस शिविर के दौरान जेल लोक अदालत का भी आयोजन भी किया गया। लोक अदालत में 10 मामलों को सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिनमें से 3 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। यह पहल कैदियों को त्वरित न्याय प्रदान करने और उनकी समस्याओं का सहज समाधान करने के उद्देश्य से की गई।

इस स्वास्थ्य शिविर एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम में जिला जेल नीमका के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुमित पंवार, अमृता हॉस्पिटल की डॉ. फीहा व डॉ. शिवाकांत, शिवम वर्मा, सहायक प्रबंधक शिवम शर्मा व उनकी टीम, प्राधिकरण के मुख्य सुरक्षा वकील रविंद्र गुप्ता, स्टेनोग्राफर प्रभात शंकर सहित जेल स्टाफ के कई अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन महिला कैदियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने और उन्हें लोक अदालत के माध्यम से न्यायिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा किए गए इस अनूठे प्रयास की सराहना की।

# समाधान शिविर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम : विक्रम सिंह

## बुधवार को आई 17 शिकायतों में अधिकांश का हुआ मौके पर ही समाधान



समाचार गेट/कृष्णा शर्मा

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में जिला के शहरी निकायों और बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविरों का आयोजन कर आमजन की प्रॉपर्टी आईडी, स्वामित्व योजना तथा अन्य समस्याओं से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर सरकार और प्रशासन की ओर से नागरिकों की शिकायतों को सुनने और उन्हें जल्द से जल्द हल करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जो मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं। इन शिविरों में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, और विभागीय कर्मचारी मिलकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनका त्वरित निस्तारण करते हैं। समाधान शिविर में नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आईडी, हाउस टैक्स, जन्म प्रमाण पत्र, पानी निकासी आदि विभिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को बड़ी गंभीरता से सुना और उनका समयबद्ध ढंग से समाधान करने का आश्वासन दिया। बुधवार को नगर निगम के तीनों ज़ोन के कार्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्र के तीनों ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालयों में कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान करवाया गया। अधिकारियों ने कहा कि शेष आवेदनों पर कुछ औपचारिकताएं पूरी होते ही समाधान हो जाएगा। समाधान शिविर में अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिक समस्या से संबंधित जरूरी दस्तावेज साथ लेकर आएं ताकि एक कार्य के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का हर हाल में समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक प्रॉपर्टी की प्रॉपर्टी टैक्स, सफाई आदि शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित समस्याएं रख सकते हैं, जिनका समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

# एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल को मिला एफएपी नेशनल अवार्ड

## बेस्ट स्कूल व बेस्ट प्रिंसीपल अवार्ड से गया नवाजा

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल को फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एंड एसोसिएशन ऑफ पंजाब के तत्वाधान में चंडीगढ़ में आयोजित एक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 2024 के एफ. ए. पी. नेशनल अवार्ड से नवाजा गया।

इस अवार्ड समारोह में एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल को




बेस्ट स्कूल व विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कृष्णा मिश्रा को बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, मैनेजर तेजप्रकाश पांडे और विद्यालय के स्टाफ के समस्त सदस्यों और छात्र-छात्राओं ने खुशी जाहिर कर प्रधानाचार्या श्रीमती कृष्णा मिश्रा को बहुत-बहुत बधाई दी और आगे ऐसी ही और उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। विनय गोयल ने कहा कि श्रीमती कृष्णा मिश्रा के उत्तम मार्गदर्शन और नेतृत्व में यह एक शानदार उपलब्धि है जो विद्यालय को एक सर्वोत्तम शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित करती है।

## संपादकीय

# स्वास्थ्य सुविधाओं की मुनासिब मांग



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों एक याचिका दाखिल कर पीएम जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग की गई। यह बिल्कुल ठीक है कि ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी बढ़ावा मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। PM-JAY या आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। लगभग 55 करोड़ लोग इसके दायरे में आते हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी अब भी इसके लाभ से छूटी हुई है। पारंपरिक चिकित्सा और भी लोगों को जोड़ सकती है।

भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती हैं। इसके लिए ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है। इससे न सरकार पर ज्यादा बोझ आएगा और न जनता पर, बल्कि स्वास्थ्य बीमा का विस्तार होने से देश की कुल चिकित्सा लागत में कमी ही आएगी। सोशल सिक्योरिटी को बढ़ावा मिलेगा। देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में non-communicable diseases से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनसे बचाव में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति कारगर साबित हो सकती है। केंद्र ने कुछ अरसा पहले ही PM-JAY में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल करने की मंजूरी दी थी। पारंपरिक चिकित्सा बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकती है। आयुर्वेद पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इजाफा हुआ है। बाजार के लिहाज से देखें, तो इसकी ग्रोथ रेट 15% से अधिक है। साल 2014 में आयुष का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 2.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 2020 में बढ़कर 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। अमेरिका और यूरोप समेत 100 से अधिक देशों में भारत के हर्बल प्रॉडक्ट पहुंच रहे हैं। आयुष्मान भारत के तहत इसे लाने से इसमें और तेजी आएगी। मांग बढ़ेगी तो जाहिर है कि उत्पादन भी बढ़ाना होगा। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के मौके बनेंगे।

पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ मिलकर यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह से भारत का पारंपरिक ज्ञान दुनिया को सेहतमंद रखने में योगदान दे सकता है। इस दिशा में रिसर्च और इनोवेशन पर फोकस है। याचिका में उठाई गई मांग को पूरा करके सरकार अपने काम को ही आगे बढ़ाएगी।

# प्रयागराज में जनवरी माह में आरंभ होगा महाकुम्भ

## 13 जनवरी से 8 मार्च तक चलने वाले मेले में होंगे 8 शाही स्नान

### मेला प्रशासन ने 13 अखाड़ों के साधुओं को की जमींन आलट

### सुरंक्षा व्यवस्था के होगें पुख्ता इंतजाम

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। प्रयागराज में 12 वर्ष बाद आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले को लेकर यूपी सरकार की ओर से युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस मेले में हरियाणा के महेंद्रगढ जिले सहित विभिन्न हिस्सों से श्रधालु जाने की योजना बनाने लगे हैं। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुंभ मेला 2025 की विधिवत शुरुआत 13 जनवरी 2025 से होगी जो 8 मार्च तक जारी रहेगी। इस दौरान 8 शाही स्नान होगें। प्रयागराज में आयोजित होने वाले इस महाकुंभ में दूर-दूर से श्रधालु गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर डुबकि लगाएगें। मेले में जनसुविधाओं को लेकर सरकार की ओर से कार्य किया जा रहा है। इस मेले में देश-विदेश से लाखों लोग हिस्सा लेते हैं। इसे हिंदू ओर सनातन धर्म का सबसे बड़ा उत्सव माना जाता है। सरकारी आंकडे के मुताबिक 2013 में आयोजित महाकुंभ में 3 करोड लोग कुंभ स्नान के लिए लाए थे। गंगा नदी के तटपर आयोजित होने वाले कुंभ में इस बार भी करोडों श्रधालुओं के पंहुचने की संभावना है। आधुनिक इलाहाबाद में 'प्रयाग' हिंदुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल माना जाता है। लेकिन संगम में संगम का महत्व सबसे पवित्र है जहां पवित्र गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती मिलकर एक हो जाती हैं।

**अमृत की 4 बूंदो से प्रसिद्व हुए 4 तीर्थ**

कनीना वासी कंवरसैन वशिष्ठ ने प्रचलित दतकथाओं के माध्यम से बताया कि भगवान विष्णु अमृत का कुंभ 'घड़ा' लेकर जा रहे थे, तभी हाथापाई हुई और चार बूंदें छलक गईं। जो प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन के चार तीर्थों पर जा गिरी। कालांतर में चारों तीर्थ स्थान के रूप में प्रसिद्व हुए। तीर्थ वह स्थान है जहाँ भक्त मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। इन स्थानों पर यह आयोजन प्रत्येक तीन साल में कुंभ मेले के रूप में आयोजित होता है। जो प्रत्येक तीर्थ पर बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। प्रयागराज के संगम को तीर्थराज, 'तीर्थों का राजा' के रूप में जाना जाता है और यहाँ हर बारह साल में एक बार कुंभ आयोजित किया जाता है, जो सबसे बड़ा और सबसे पवित्र है। एक महीने से अधिक समय तक चलने वाले इस महाकुंभ में एक विशाल तंबूनुमा बस्ती का निर्माण किया जाता है, जिसमें झोपड़ियाँ, चबूतरे, नागरिक सुविधाएँ, प्रशासनिक और सुरक्षा उपाय शामिल होते हैं। इसे सरकार, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस द्वारा शानदार तरीके से आयोजित किया जाता है। यह मेला विशेष रूप से धार्मिक तपस्वियों-साधुओं और महंतों – की असाधारण उपस्थिति के लिए प्रसिद्ध है, जो जंगलों, पहाड़ों और गुफाओं में दूर-दराज के ठिकानों से आकर्षित होकर आते हैं।

एक बार जब ज्योतिषी शुभ स्नान,समय या कुंभयोग निर्धारित कर लेते हैं, जिसमें सबसे पहले नागा साधुओं की सेना पानी में उतरती है, जो अपने नग्न शरीर को राख से ढकते हैं लंबी जटाओं में बाल रखते हैं। साधु, अपने आप को आस्था के संरक्षक के रूप में देखते हैं, एक आक्रमणकारी सेना की तरह धूमधाम और बहादुरी के साथ निर्धारित समय पर संगम पर पहुँचते हैं।



**संगम**

इस स्थान पर गंगा का भूरा पानी यमुना के हरे पानी से मिलता है, साथ ही पौराणिक सरस्वती भी मिलती है, जो अदृश्य है लेकिन माना जाता है कि वह भूमिगत बहती है। यह सिविल लाइंस से लगभग 7 किमी दूर स्थित है, जहाँ से अकबर किले की पूर्वी प्राचीर दिखाई देती है। पवित्र संगम की ओर विस्तृत बाढ़ के मैदान और कीचड़ भरे तट फैले हुए हैं। नदी के बीच में पुजारी पूजा करने के लिए छोटे-छोटे चबूतरों पर बैठते हैं और उथले पानी में श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना में मदद करते हैं। संगम के पानी में डुबकी लगाना हिंदू धर्मावलंबियों के लिए सबसे पवित्र तीर्थ माना जाता है। महाकुंभ के दौरान संगम वास्तव में जीवंत हो उठता है।

**महाकुंभ के लिए किया जा रहा व्यापक प्रबंध**

प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 के लिए मेला क्षेत्र में 13 अखाड़ों की बसावट का पहला चरण पूरा हो गया है। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कुम्भ मेला प्रशासन ने अखाड़ों के संतों की सहमति से मेला क्षेत्र में छावनी बसाने के लिए सभी 13 अखाड़ों को मंगलवार को भूमि आवंटित कर दी। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि मंगलवार को तीन वैष्णव अखाड़ों को भी कुंभ क्षेत्र के अखाड़ा सेक्टर में मेला प्रशासन की तरफ से भूमि दी गई। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ मेला 14 जनवरी, 2025 को मकर संक्रांति स्नान पर्व के साथ शुरू होगा जो करीब 40 दिन चलने के बाद 26 फरवरी, 2025 को महाशिवरात्रि स्नान के साथ संपन्न होगा।

### 'महाकुंभ 2025 के शाही स्नान की तिथियां'

- 13 जनवरी पौष पूर्णिमा पर शाही स्नान की शुरुआत होगी।
- 14 जनवरी मकर संक्रांति पर शाही स्नान होगा
- 29 जनवरी मौनी अमावस्या पर शाही स्नान होगा।
- 03 फरवरी वसंत पंचमी पर शाही स्नान होगा।
- 04 फरवरी अचला सप्तमी पर स्नान होगा।
- 12 फरवरी माघ पूर्णिमा पर शाही स्नान होगा।
- 26 फरवरी महाशिवरात्री पर शाही स्नान।
- 08 मार्च को स्नान के बाद कुंभ स्नान का होगा।

# अज्ञात चोरों ने चेलावास के दो पंचायती ट्यूवैलों से बिजली की केबल चुराई

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। सर्दी की शुरूआत होते ही क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घटित होने लगी हैं। घटिया किस्म के चोर गावों में पेयजल सप्लाई के लिए संचालित बोरवैल की बिजली केबल चोरी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्या कनीना खंड के गांव चेलावास में घटित हुआ। जहां चोर दो पंचायती ट्यूवैलों से केबल की चोरी कर ले गए। इस बारे में मोटर चालक रोहताश ने ग्राम सरपंच विकास कुमार को बताया कि 19 नवंबर को सुबह छह बजे जब वह मोटर चलाने गया तो हर्बल पार्क तथा पंचायत घर के समीप बने ट्यूवैल से बिजली की केबल गायब मिली। दोनों ट्यूवैलों से चोर बिजली की केबल चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर चोरों की खोजबीन भी की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। कनीना सिटी थाना पुलिस ने ग्राम सरंच विकास कुमार की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# अधिकारी एनजीटी के आदेशों को सख्ती से लागू करें : उपायुक्त

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



कनीना। क्षेत्र में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए 'श्वासों पर संकट' के बादल मंडरा गए हैं। जिसे नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कदम उठाए जा रहे हैं। वायु प्रदूषण को देखते हुए जिला उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने महेंद्रगढ जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों की छुट्टियां करने के आदेश जारी किए हैं। बुधवार को कनीना का एक्यूआई 412 दर्ज किया गया। जिला उपायुक्त की ओर से अधिकारिक बैठक में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चैथे चरण 'ग्रैप-4' को लागू कर दिया गया है। सभी अधिकारियों को ग्रैप-4 को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। वायु प्रदूषण को देखते हुए जिला महेंद्रगढ़ के सभी स्कूलों में 12वीं कक्षा तक आगामी आदेशों तक छुट्टी करने के आदेश पारित किए हैं। इस दौरान अध्यापक स्कूलों में मौजूद रहेंगे तथा ऑनलाइन मोड पर क्लास लेंगे। महेंद्रगढ़ एनसीआर क्षेत्र का हिस्सा है। ऐसे में गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी सभी प्रतिबंधों को लागू किया गया है। इस संबंध में जिला में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका संपर्क नंबर 01282-299004 जारी किया गया है। सब डिवीजन लेवल तक संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी होंगे तथा संयुक्त टीम लगातार फिल्ड में नजर रखेगी। बिजली अधिकारी क्रेशर जोन में बिजली सप्लाई बंद रखेंगे। उन्होंने जिले के नागरिकों से आह्वान किया कि वे पराली व कूड़े पर आग ना लगाएं। ऐसा करने पर जिला प्रशासन द्वारा जुर्माना ठोका जायेगा। ईधर कनीना के एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने की दिशा में आमजन से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिक बाजरे की भूसी को कटवाएं तथा कूडे में आग न लगाएं, शादी में पटाखे न छुडाएं। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जल निकासी, सैम ग्रस्त आदि मुद्दों पर आफताब अहमद की अधिकारियों संग बैठक

## कल जिला उपायुक्त से मिलकर की थी बैठक

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



नूंह। विधायक चौधरी आफताब अहमद लगातार एक्शन मोड़ में नजर आ रहे हैं। पहले मुख्यमंत्री, फिर विधानसभा, जिला उपायुक्त, जिला अधिकारियों के समक्ष लगातार नूंह के मुद्दों के समाधान के लिए वो कोशिशें कर रहे हैं, जिसका असर भी जमीनी स्तर पर दिख रहा है। बुधवार को विधायक आफताब अहमद जिला उपायुक्त से मिले तो बृहस्पतिवार को उन्होंने जिले से जल निकासी, सैम ग्रस्त आदि के मुद्दों पर अधिकारियों की बैठक ली जिनमें सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता मुकुल कथूरिया, यांत्रिक प्रभाग यद्द के अधिशाषी अभियंता हितैष धारीवाल, एसडीओ, मैकेनिकल विंग, नूंह से जगदीश शर्मा, अफताब जूनियर इंजीनियर, तारीक जूनियर इंजीनियर आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

विधायक आफताब अहमद ने जल निकासी की समीक्षा की और अगले महीने होने वाली बाढ़ नियंत्रण बैठक की तैयारियां का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से प्रस्ताव बनाने के लिए कहा ताकि उन्हें बैठक में मंजूर कराया जा सके। बैठक में नूंह शहर, दर्जनों गांवों में जल निकासी के स्थाई समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई।

विधायक ने मामले को विधानसभा में उठाया था, बीते कल जिला उपायुक्त के बाद अब विभागों के अधिकारियों संग भी बैठक कर समाधान के लिए कहा। कोटला झील के आसपास के जल भराव का स्थाई समाधान कोटला पम्प के माध्यमों से झील में डालने की योजना पर काम किया जा रहा है।

विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों से कहा कि ऐसा उपाय अमल में लाया जाए जिससे किसानों और लोगों को जल भराव का सामना ही नहीं करना पड़े। विधायक ने कहा कि जरूरत पड़ी तो आईआईटी के इंजीनियर भी मदद के लिए बुलाए जाएंगे।

बता दें कि इस बार मानसून में अत्याधिक बारिश के कारण पिछली खरीफ की फसल खराब हो गई और अब रबी की फसल भी प्रभावित हुई है। जिससे किसानों को गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। विधायक आफताब अहमद ने किसानों के लिए मुआवजे की मांग मुख्यमंत्री, विधानसभा और जिला उपायुक्त के समक्ष उठाई थी।

बैठक में सैम ग्रस्त भूमि को उपजाऊ बनाने की दिशा में भी विधायक की अधिकारियों संग विस्तृत चर्चा हुई और इसके समय के लिए कार्य शुरू किया जा चुका है। बैठक में अत्याधिक प्रभावित गांवों जैसे दुबालु, गांगोली, किरा, छपेड़ा, छछेड़ा, आलदूका, बैंसी, सूडाका, गोलपुरी, कैराका, नौसेरा, कोंतलाका, कमरचंदका, जयसिंहपुर, बीबीपुर, उजिना, संगेल, आकेड़ा, कोटला, खेडला नूंह, नूंह शहर, ढेंकली, बड़ेड़ा, घासेड़ा, टाई, मछरौली, मालब, दिहाना, चंदेनी, मुरादबास, रिठौड़ा, शाहपुर नंगली सहित दो दर्जन से अधिक गांवों पर चर्चा हुई। विधायक ने कब्रिस्तान- श्मशान आदि जगहों का निरीक्षण कर जल भराव नहीं होने देने की दिशा में काम करने के लिए कहा है। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों से इसे जल्द करने के लिए कहा ताकि पानी जमा होने के कारण यहां बीमारियों को ना पनपने दिया जाए। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर आफताब अहमद और अधिकारियों के बीच चर्चा हुई, अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द स्थाई समाधान के लिये कार्य तेजी पकड़ लेगा। इस दौरान स्थानीय जिम्मेदारी लोग विधायक संग बैठक में मौजूद थे।

# ग्रुप सोंग व ग्रप डांस की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एसडी स्कूल की टीमें रही प्रथम स्थान पर

## प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिता में लेगीं हिस्सा




समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। हाल ही में नारनौल के सभागार में आयोजित दो दिवसीय युवा महोत्सव में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ स्थान हासिल किया है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए सकारात्मक सोच व सतत परिश्रम के लिए प्रेरित किया है। जिला स्तरीय इस समारोह में नृत्य, एकल नृत्य, समूह गीत, एकल गीत, इनोवेशन सांइस मेला जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थी। ग्रुप डांस में एसडी विद्यालय ककराला छात्रा अनुकृति की टीम ने प्रथम स्थान, ग्रुप सौंग में तमन्ना के समूह ने प्रथम स्थान, भाषण में मधुर ने तृतीया स्थान,इनोवेशन में दिशांत, जसवीर ने प्रथम तथा गौरव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एडीसी डॉ आनन्द शर्मा व एसपी पूजा वशिष्ठ थी। जिन्होंने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिला स्तर पर अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

# ओम योग संस्थान के 5 दिवसीय वार्षिक उत्सव को 24 को होगा समापन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। ओम योग संस्थान ट्रस्ट का 26वां वार्षिकोत्सव एंव महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष में 5 दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पिछली 19 तारीख से सवालाख गायत्री महायज्ञ व चतुर्वेद शतकम्-पारायण महायज्ञ चल रहा है जिसका समापन समारोह 24 नवम्बर को आयोजित होगा। ट्रस्ट के संस्थापक योगीराज ओ३मप्रकाश महाराज के सानिध्य में सतपाल चैधरी एवं श्रीमती रेखा चैधरी ने हिस्सा लिया।

# सक्षम युवा योजना के लिए करें आवेदन

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। जिला रोजगार अधिकारी श्याम सुंदर रावत ने बताया कि रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा पात्र बेरोजगार युवाओं के लिए सक्षम युवा योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बारहवीं से लेकर स्नातकोत्तर तक शैक्षिक योग्यता रखने वाले बेरोजगार युवा जिन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड या केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त हरियाणा राज्य में स्थित विद्यालयों या स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ में स्थित विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेज से या पंजाबी विश्वविद्यालय जालंधर से रेगुलर विद्यार्थी के रूप में प्राप्त की हो, इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके तहत 21 से 35 वर्ष ( बारहवीं के लिए 18 से 35 वर्ष) के सभी पात्र बेरोजगार युवा रोजगार विभाग की वेबसाइट www.hreyahs.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के लिए आवेदन करने वाला प्रार्थी रोजगार विभाग में पंजीकृत होना चाहिए। इस योजना के तहत 900 रुपए से लेकर 3000 रुपए तक बेरोजगारी भत्ते के साथ विभागों की आवश्यकता अनुसार अधिकतम 100 घंटे प्रति माह मानद कार्य भी उपलब्ध कराया जाता है जिसके लिए अधिकतम 6000 रुपए प्रति माह मानदेय प्रदान किया जाता है।

# इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रोहतक के छात्राओं ने बाल भवन द्वारा चल योजनाओं की जानकारी : डीसी प्रशांत पंवार




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त प्रशांत पंवार के कुशल मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद नूंह बाल कल्याण के क्षेत्र में अनेक कल्याणकारी योजना चला रही है। वीरवार को ईंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ् मैनेजमेंट, रोहतक के एम.बी.ए के छात्र अपने कोर्स के मुताबिक बाल कल्याण के क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी लेने के लिए नूंह जिले के बाल भवन में दौरा किया। दौरे के दौरान जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री ने हरियाणा सरकार द्वारा संचालित बाल कल्याण गतिविधियों के विस्तार से चर्चा की और प्रबंधकों द्वारा पुछे गए प्रशनों के उत्तर दिए। जिससे एमबीए के छात्राओं को ज्ञान वर्धन हुआ और उनके जीवन में काम आने वाली जानकारियां हासिल की। इसी दौरान सीडीपीओ सुनीता उपस्थित रही उन्होंने भी बाल कल्याण की नीतियों पर प्रकाश डाला।

# जिला में कुल 05 शिकायतें प्राप्त 03 का मौके पर समाधान

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि जिला के नगर पालिकाओं व नगर परिषद और बीडीपीओ कार्यालयों में प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें आमजन की प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व योजना से संबंधित शिकायतों को सुना जा रहा है और उनका समाधान किया जा रहा हे। उपायुक्त ने बताया कि नगरपरिषद नूंह में एक शिकायत प्राप्त हुई जिसको पेंडिंग रखा गया है व नगरपालिका पुन्हाना में 1 शिकायत प्राप्त हुई जिसका मौके पर समाधान कर दिया।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## गैंगस्टर बिश्नोई की फोटो लगाकर युवती ने बनाई रील... पुलिस ने पकड़ा

अजमेर। अजमेर की युवती ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की फोटो लगाकर रील बनाई और हथियारों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। युवती ने प्रोफाइल पर खुद को लेडी डॉन लिखा हुआ था। पुलिस ने वीडियो और फोटो के आधार पर मंगलवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे युवती को घर से अरेस्ट किया। पुलिस ने बताया कि सिविल लाइंस इलाके के बालूपुरा निवासी शिवानी सैनी (19) को पकड़ा गया है। सोशल मीडिया सेल की टीम को शिवानी का अकाउंट मिला था। युवती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 16 घंटे पहले एक स्टोरी पोस्ट की थी। स्टोरी में युवती ने हथियारों और कारतूस से एस लिखी फोटो को पोस्ट कर रखा था। एक अन्य प्रोफाइल पर खुद को लेडी डॉन लिखा हुआ था। इसके अलावा युवती ने गैंगस्टर बिश्नोई का कवर पर फोटो लगाकर रील बनाकर अपलोड किया था। मामले की जानकारी के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम शिवानी के घर पहुंची और उसे थाने लेकर आई। शांति भंग में युवती को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मणिपुर में कुकी समुदाय ने 10 खाली ताबूत लेकर निकाला मार्च, कांग्रेस की अपील... जिद छोड़ दें पीएम मोदी

इंफाल। मणिपुर में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों के लिए न्याय की मांग करते हुए समुदाय प्रदर्शन कर रहा है। इसी कड़ी में चुराचांदपुर जिले में सैकड़ों लोगों ने 10 खाली ताबूत लेकर मार्च निकाला। मणिपुर पुलिस के अनुसार, पिछले हफ्ते जकुराधोर में सीआरपीएफ कैंप पर वर्दीधारी उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके बाद सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। हालांकि कुकी समुदाय का कहना है कि वे लोग विलेज वॉलंटियर्स थे। यह रैली ज्वाइंट फिलैंथ्रोपिक ऑर्गेनाइजेशन (जेपीओ) ने आयोजित की थी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई रैली में सैकड़ों लोग हाथों में पोस्टर लिए शामिल हुए। इन पोस्टर्स पर मारे गए लोगों के लिए न्याय और पहाड़ी क्षेत्रों में अलग प्रशासन की मांग की गई थी। इस बीच कांग्रेस ने कहा है कि पीएम मोदी को अपनी जिद छोड़कर मणिपुर जाना चाहिए। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि मणिपुर की समस्या से निजात पाने के लिए 5 हजार जवानों को भेजना हल नहीं है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तुरंत हटाना चाहिए। कुकी, मैतेई और नगा एक राज्य में रह सकते हैं, बशर्ते उन्हें क्षेत्रीय स्वायत्तता दी जाए।

## महाराष्ट्र में मतदान से ठीक पहले नासिक की होटल से 1.98 करोड़ रुपये जब्त

नासिक। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच नासिक के एक होटल से जब्त हुए 1.98 करोड़ रुपये ने राज्य की सियासत में भूचाल ला दिया है। घटनाक्रम ने न केवल विपक्ष को हमलावर कर दिया है, बल्कि मतदाताओं के बीच चुनावी नैतिकता और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जलज शर्मा ने पुष्टि कर बताया कि बरामदगी के बाद जांच तेज़ी से चल रही है। उनके मुताबिक, जब्त की गई राशि की जांच व्यय पर्यवेक्षकों और अधिकारियों की टीम कर रही है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं यह पैसा चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए इस्तेमाल नहीं हो रहा था। गौरतलब है महाराष्ट्र में कि चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू कर रखी है, जिसके तहत 50,000 रुपये से अधिक नकद राशि ले जाने पर वैध दस्तावेज अनिवार्य हैं। इसके पहले भी ठाणे में 2.5 करोड़ रुपये नकदी जब्त हुई थी, जिसने राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया था। विपक्ष ने 1.98 करोड़ रुपये की जब्ती को लेकर भाजपा और उसके सहयोगियों पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया, यह पैसा मतदाताओं को खरीदने की कोशिश का हिस्सा हो सकता है। भाजपा ने चुनावी नैतिकता को ताक पर रख दिया है। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज कर विपक्ष की हताशा करार दिया है। पार्टी प्रवक्ता का कहना है, हम निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, और सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।

## कच्छ के बाद अब दक्षिण गुजरात के वलसाड में भूकंप का झटका

अहमदाबाद। दक्षिण गुजरात के वलसाड में भूकंप के झटके से लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि भूकंप की तीव्रता मामूली होने से कोई नुकसान की खबर नहीं है। वलसाड जिले के धरमपुर तहसील में भूकंप का झटका महसूस किया गया। सुबह करीब 11 बजे के आसपास 2.5 की तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र वलसाड जिले के धरमपुर तहसील के मोळाआंबा गांव के पास दर्ज किया गया। इससे पहले कल कच्छ जिले के रापर समेत वागड इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जिसमें 4.0 तीव्रता के भूकंप से वागड की जमीन थर्रा उठी। कच्छ में रात 8 बजकर 18 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिससे लोग घर से बाहर की ओर दौड़ पड़े। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप के झटके कच्छ जिले के रापर से लेकर भचाऊ, गांधीधाम तक के इलाकों में महसूस किए गए। इस भूकंप का केंद्र रापर से 26 किलोमीटर दूर दर्ज किया गया। गौरतलब है 4 दिन पहले उत्तरी गुजरात के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जिसमें पाटण, पालनपुर, मेहसाणा और अहमदाबाद समेत कई शहरों में लोगों ने 4.2 तीव्रता का भूकंप महसूस किया। भूकंप का केंद्र पाटण से 13 किमी दूर चाणस्मा तहसील के सेवाला गांव में दर्ज किया गया।



# चुनाव आते ही भाजपा के लोग धर्म और जाति की बात करते हैं : किशोरी लाल शर्मा



अमेठी (उ्र) (एजेंसी)। । अमेठी से कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी चुनाव आते हैं तो इसके नेता ''धर्म और जाति'' और ''समाज को विभाजित'' करने की बात करते हैं। किशोरी लाल शर्मा यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे जो अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर हैं। 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर पूछे गए सवाल पर किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार और केंद्र में मोदी सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है।

शर्मा ने कहा कि इनके पास धर्म-जाति की राजनीति करने और समाज को बांटने के अलावा कोई कुछ नहीं है। ये बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं, ये महंगाई की बात नहीं करते हैं और ये शिक्षा की बात नहीं करते हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''ये भाई से भाई को लड़ाने का काम कर रहे हैं।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसी राजनीति को देश स्वीकार नहीं करता है और देश में सभी धर्म-जाति के लोग एक साथ मिलजुल कर रहना पसंद करते हैं।

झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुई बच्चों की मौत को दुखद बताते हुए सांसद शर्मा ने कहा, ''यह उत्तर प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था में भारी कमियों का परिणाम है। अस्पतालों में व्यवस्थाएं खस्ता हाल हैं, कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ये लोग व्यवस्थाओं को ठीक करने के बजाय शमशान और कब्रिस्तान की बात करते हैं।'' कांग्रेस द्वारा उपचुनाव नहीं लड़ने के सवाल पर शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की तरफ से समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है और गठबंधन के सभी दल उसे अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सभी सीट पर 'इंडिया' के उम्मीदवार जीतेंगे।

### मणिपुर राज्य में भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई : कुणाल घोष

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस पार्टी के नेता कुणाल घोष ने मणिपुर में फिर भड़की हिंसा को लेकर कहा कि यह बहुत बुरा हो रहा है और प्रधानमंत्री को मणिपुर जाना पसंद नहीं है। मणिपुर राज्य में भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल रही है। वहां पर बेकसूर लोगों की हत्या हो रही है। भाजपा को मणिपुर में शासन करने का कोई अधिकार नहीं है। केंद्र की मोदी सरकार भी मणिपुर में पूरी तरह फेल रही। वहीं आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी नर्स के साथ बलात्कार और निर्मम हत्या के सवाल पर टीएमसी नेता घोष ने कहा कि इस मामले का अब ट्रायल चल रहा है।

## बुर्के पर सपा और भाजपा आमने-सामने, गिरिराज सिंह ने कहा, बुर्का हटाकर वोट डालने का विरोध नहीं




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की वोटिंग से पहले बुर्के को लेकर विवाद गहरा गया है। सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चुनाव में वोट डालने जाने वाली महिलाओं के बुर्का उठाकर जांच करने के मुद्दे पर करारा हमला बोला था। उन्होंने इस प्रकार की जांच पर रोक लगाने की मांग की। इसके बाद सपा ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर बुर्का उठाकर जांच करने की मांग कर डाली। सपा की ओर भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बुर्के को उठाकर जांच कराए जाने से महिलाएं डर जाती हैं। वे वोट डालने मतदान केंद्रों पर नहीं आती हैं। अब मामले पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बयान सामने आया है। सपा के बुर्का हटाकर न जांच करने की मांग पर केंद्रीय मंत्री सिंह का बड़ा हमला सामने आया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश की पार्टी की नेत्री ने वोट जिहाद का नारा दिया है। आज कांग्रेस और मुसलमान मौलवियों की ओर से वोट जिहाद के नारे लग रहे हैं। भारत के धर्मगुरु भी आवाज दे रहे हैं। उनकी बातों को भी अब सुना जाना चाहिए। देश के अंदर समय आ गया है कि सभी को एक रहना चाहिए। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा है कि मतदान करने आने वाले हर वोटर की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुर्का हटाकर वोट डालने का विरोध नहीं होना चाहिए। हर मतदाता की पहचान वोटिंग के पहले बूथ पर मौजूद पार्टियों के पोलिंग एजेंट के स्तर पर होती है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि फर्जी मतदान नहीं होने देना है। हर वोटर की पहचान के बाद ही वोट डालने देना है। विरोध करने वालों की चुनाव आयोग से शिकायत करें।

## कैश कांड पर उद्धव ठाकरे ने भाजपा को घेरा, नोट जिहाद का लगाया आरोप



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से कुछ घंटे पहले भाजपा के एक वरिष्ठ नेता द्वारा पैसे बांटने के आरोपों के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नोट जिहाद पर कटाक्ष किया। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर क्षेत्रीय संगठन बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) द्वारा पालघर में मतदाताओं को नकदी बांटने का आरोप लगाया गया है, तावड़े और भाजपा ने इस आरोप से इनकार किया है। ठाकरे ने भारत के चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि केवल तावड़े के खिलाफ मामला दर्ज करना पर्याप्त नहीं होगा।

भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' और 'वोट जिहाद' के दावों पर कटाक्ष करते हुए ठाकरे ने सवाल किया कि क्या यह बीजेपी का नोट जिहाद (वोट के लिए) है? 'बांटेंगे और जीतेंगे'। पूरे महाराष्ट्र ने इसे देखा है। महाराष्ट्र कल फैसला करेगा। ठाकरे ने कहा कि कुछ राज्यों में सरकारें गिराने और नई सरकारें बनाने में मदद करने के लिए तावड़े की सराहना की गई। अब इसके पीछे का राज खुलकर सामने आ गया है।

विरार के एक होटल में जोरदार ड्रामा हुआ, जहां तावड़े ठहरे हुए थे, जब बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) के प्रमुख हितेंद्र ठाकुर ने भाजपा महासचिव पर मतदाताओं को पैसे बांटने का आरोप लगाया। भाजपा ने इन दावों का खंडन किया और तावड़े ने दावा किया कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रक्रियाओं के बारे में मार्गदर्शन करने के लिए नालासोपारा में थे, और विपक्षी दलों को उनकी गतिविधियों को सत्यापित करने की चुनौती दी।

# सोरेन का आरोप, मेरे खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने 500 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी भाजपा



रांची (एजेंसी)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर फिर से निशाना साधकर दावा किया कि विपक्षी दल ने उनके खिलाफ ''दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने के लिए 500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसके पहले सोरेन ने भाजपा पर ''मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अफवाहें फैलाने का अभियान चलाने का आरोप लगाया था।

उन्होंने दावा किया कि झारखंड की संस्कृति इसतरह के 'दुर्भावनापूर्ण अभियानों की अनुमति नहीं देती है। सोरेन ने पोस्ट कर लिखा, ''नेताओं के लिए आपके अंदर नफरती भावनाओं को भड़काकर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करना सबसे आसान होता है। यह अभियान सबसे आसान होता है और भाजपा को इसमें महारत हासिल है लेकिन मैं झारखंडी हूं- हमारे संस्कार हमें ऐसा करने की इजाजत नहीं देते और ना मैं ऐसा करूंगा। सोरेन ने कहा, ''एक अनुमान के मुताबिक, भाजपा ने मेरे खिलाफ छद्म अभियान, अफवाहें फैलाने का अभियान और नफरत फैलाने के लिए 500 करोड़ से अधिक खर्च कर दिए।

सोरेन ने भाजपा पर चुनाव के दौरान सड़कों और चौराहों पर मतदाताओं में कथित तौर पर भय पैदा करने और उनके खिलाफ प्रचार करने के लिए बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल से लोगों को लाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसतरह ''अभियानों में कोई सच्चाई नहीं होती। उन्होंने कहा, हमारे पास चुनावी बॉण्ड, नकली दवाइयां, नकली टीकों से देशवासियों की जिंदगी से खिलवाड़ करके जुटाया गया चंदा नहीं है। इसलिए मैं आप सभी झारखंड वासियों से अपील करता हूं कि आप सब मेरे लिए आज और कल ''चोरी-छिपे नहीं, खुलकर अभियान चलाएं- क्योंकि झारखंड वासियों के स्वभाव में डरना और धीरे-धीरे चोरी से बोलना नहीं होता। सोरेन ने वीडियो साझा कर लिखा, ''फुसफुसाकर नहीं, साहस से बोलो। मुख्यमंत्री की ओर से साझा किये गए वीडियो में चौपाल में बैठे युवा भाजपा की प्रशंसा करते और कथित भ्रष्टाचार के लिए झामुमो की आलोचना करते नजर आ रहे हैं।

## महबूबा ने जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा का मुद्दा उठाने के लिए अपने तीन विधायकों की प्रशंसा की

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) कीअध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने का मुद्दा जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र के दौरान उठाने के लिए पार्टी के तीन विधायकों की सराहना की। महबूबा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक के बाद पीडीपी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने आधिकारिक हैंडल पर जारी पोस्ट में कहा, ''पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने आज श्रीनगर स्थित पार्टी मुख्यालय में पीडीपी विधायकों के प्रयासों की सराहना की।'' पीडीपी अध्यक्ष ने कहा, ''ये चुनाव जम्मू-कश्मीर की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए थे। हमारे विधायकों ने अनुच्छेद 370 और 35ए को एकतरफा तरीके से हटाए जाने पर लोगों की गहरी चिंताओं को उठाया है। हमारे अधिकारों के लिए लड़ाई विधायिका और जनता के बीच जारी है।'' इस बैठक में पार्टी के तीन विधायकों वहीद पारा, रफीक नाइक और मीर मोहम्मद फैयाज के अलावा नईम अख्तर, अब्दुल रहमान वीरू, गुलाम नबी लोन, खुर्शीद आलम, बशारत बुखारी, आसिया नकाश और जहूर मीर जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पीडीपी विधायक दल के नेता पारा ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि पार्टी विधायक नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार को चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों की याद दिलाते रहेंगे। केंद्र ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग से फिर सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी

*** पप्पू यादव ने धमकी देने वाले को दी चुनौती**



पटना (एजेंसी)। बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद पप्पू यादव को एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने जान से मारने की धमकी दी है। ये धमकी उन्हें व्हाट्सएप पर दी गई है। बताया गया है कि ये धमकी पाकिस्तानी के नंबर से दी गई है और धमकी देने वाला शख्स बिश्नोई का करीबी बताया जा रहा है। पप्पू यादव को धमकी दी गई है कि तुम्हें 24 दिसंबर से पहले मार दिया जाएगा। इस बाबत व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा वीडियो अपलोड किया गया है। इसके अलावा पप्पू यादव को फोन पर भी धमकी दी गई। इसमें लिखा गया है कि 24 दिसंबर से पहले पप्पू यादव की हत्या कर दी जाएगी। 24 दिसंबर को पप्पू यादव का जन्मदिन है। वहीं, धमकी देने वाले ने व्हाट्सएप पर पप्पू यादव और उनके बेटे सार्थक की तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि वह इन दोनों को देख रहा है।

### पप्पू यादव ने धमकी देने वाले को दी चुनौती

हालांकि सांसद पप्पू यादव ने धमकी देने वाले को चुनौती देते हुए उससे तारीख और मैदान तय करने की बात कही है। सांसद ने कहा तू पप्पू यादव को क्या समझकर रखा है? पप्पू यादव कोई खीरा-ककड़ी नहीं है। एक काम कर... एक डेट फिक्स कर, तारीख फाइनल कर ले, एक मैदान फाइनल कर ले, उसके बाद पता चल जाएगा। मालूम हो कि इससे पहले भी पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से धमकी मिल चुकी है। यह धमकी भरे कॉल और संदेश उनके कार्यालय को मिले। पप्पू यादव के पीए को 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे और 7 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे फोन आया। साथ ही उनके पीए को व्हाट्सएप पर धमकी दी गई। उन्होंने व्हाट्सएप चैट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया।

### क्या है मामला?

कुछ दिन पहले पप्पू यादव ने अभिनेता सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिल रही धमकियों को लेकर एक पोस्ट किया था। पोस्ट में पप्पू यादव ने लॉरेंस गिरोह को चुनौती दी और 24 घंटे के भीतर उसके नेटवर्क को खत्म करने की धमकी दी। कुछ दिन बाद उन्हें एक फोन कॉल आया। इसी फोन से उन्हें धमकी दी गई थी। इस धमकी के बाद उन्होंने केंद्र से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पप्पू यादव को फिलहाल वाय श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। लेकिन अब उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

## 64 करोड़ नहीं चुका सकी सुक्खू सरकार... क्या कुर्क होगा हिमाचल भवन






शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है, जिसमें दिल्ली के सिकंदरा रोड स्थित हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश है। यह आदेश आर्बिट्रेशन अवॉर्ड का पालन न किए जाने के कारण दिया गया है। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने सेली हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी लिमिटेड की ओर से ऊर्जा विभाग के खिलाफ दायर अनुपालना याचिका पर सुनवाई कर आदेश दिया।

कोर्ट ने राज्य ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव को आदेश दिया कि वे जांच करें कि किस अधिकारी या अधिकारियों की चूक के कारण 64 करोड़ की राशि और इसके सात प्रतिशत ब्याज सहित अवॉर्ड राशि कोर्ट में जमा नहीं की गई। कोर्ट ने कहा कि दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों से यह राशि व्यक्तिगत रूप से वसूल करें। मामले की अगली सुनवाई 6 दिसंबर को होगी, और कोर्ट ने जांच को 15 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

मामले की शुरुआत 13 जनवरी 2023 को हुई थी, जब हिमाचल हाईकोर्ट की एकलपीठ ने राज्य को 64 करोड़ रुपये की राशि सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित जमा करने का आदेश दिया था। बाद में, एक खंडपीठ ने आदेश को लागू करने पर रोक लगाई थी, लेकिन जुलाई 2024 में यह रोक हटा दी गई। कोर्ट ने राज्य सरकार से राशि जमा करने में हुई देरी पर खेद जताकर कहा कि इस कारण से दैनिक आधार पर ब्याज लग रहा है, जिसका भुगतान सरकारी खजाने से किया जाना है।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने फैसले पर कहा कि हिमाचल भवन प्रदेश की प्रतिष्ठित संपत्ति है और इस भवन को नीलाम करना सरकार के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह सरकार लगातार इसतरह फैसले ले रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश की फजीहत हो रही है।

# मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग के नाम पर यौन अपराधों और महिलाओं के प्रति हिंसा को दिया जा रहा बढ़ावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की आड़ में नए छात्रों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार ने यौन अपराधों और महिलाओं के प्रति हिंसा की प्रवृत्ति को सामने ला दिया है। मेडिकल कॉलेजों में सीनियर्स द्वारा नए छात्रों को अश्लील गालियों और महिलाओं के खिलाफ हिंसक भाषा से भरी किताबें पढ़ने और याद करने के लिए मजबूर किया जाता है। यह केवल रैगिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि यौन हिंसा और लैंगिक भेदभाव के रेप कल्चर को बढ़ावा देने वाला एक गंभीर मुद्दा बन गया है।

जूनियर छात्रों को मजबूर किया जाता है कि वे महिलाओं को सिर्फ एक वस्तु के रूप में देखें। इन किताबों में महिलाओं, नर्सों और छात्राओं के प्रति हिंसक और अश्लील टिप्पणियां होती हैं। नए छात्रों के मुताबिक, उन्हें इन किताबों को जोर से पढ़ने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें महिलाओं के शरीर और उनके साथ यौन हिंसा का अश्लील वर्णन होता है।

इस मामले में कुछ डॉक्टरों ने अपने अनुभव साझा किए हैं, जहां मरीजों के शरीर को लेकर भद्दे मजाक होते हैं। महिला मरीजों और छात्रों को अनावश्यक रूप से छूना और उनका अपमान करना इन कॉलेजों के अंदर की संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है। इस मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि जो सीनियर्स रैगिंग के नाम पर जो इस तरह के कृत्यों में शामिल होते हैं, वे भविष्य में महिला सहयोगियों और मरीजों के लिए खतरा बन सकते हैं।

### क्या होना चाहिए समाधान?

कड़ी निगरानी और जांच-कॉलेज प्रशासन को सख्त कदम उठाकर ऐसी गतिविधियों की निगरानी करनी चाहिए। छात्रों और स्टाफ को शिकायत करने के लिए सुरक्षित और प्रभावी माध्यम उपलब्ध होना चाहिए। मेडिकल शिक्षा में नैतिकता और संवेदनशीलता का पाठ अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। इस तरह की घटनाएं केवल मेडिकल कॉलेजों की प्रतिष्ठा को धूमिल नहीं करतीं, बल्कि महिलाओं के प्रति समाज की सोच और भविष्य के डॉक्टरों की नैतिकता पर भी सवाल खड़े करती हैं।



## दिल्ली में एक कारखाने में लगी आग, कोई घायल नहीं

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के बवाना में कुर्सी के एक कारखाने में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि बवाना के बी-ब्लॉक में एक कारखाने में सुबह साढ़े पांच बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल विभाग की 22 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तीन मंजिला इमारत में स्थित कुर्सियां बनाने वाले कारखाने में आग लगी थी। अधिकारी के अनुसार, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ तथा आग बुझाने के प्रयास जारी हैं।

## दिल्ली के झुग्गी बस्ती इलाके में आग लगने से 150 झुग्गियां जलकर खाक

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के बवाना में सोमवार देर रात लगी आग में कम से कम 150 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना देर रात करीब डेढ़ बजे मिली और 18 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि सुबह सात बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि आग संभवत: शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## हरित क्षेत्र बढ़ाने के बारे में जागरूकता के लिए 1,000 से अधिक युवाओं ने दौड़ में भाग लिया

नई दिल्ली। शहर में हरित क्षेत्र के विस्तार और जलवायु संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित दौड़ में 1,100 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। ग्रीन हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट ने रविवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर से शुरू होकर तीन श्रेणियों - 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की दूरी में यह दौड़ आयोजित की थी। आयोजक ने एक बयान में कहा है कि सहज इंटरनेशनल स्कूल, चिल्ड्रेन अकादमी, आईएमएस और सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट के छात्रों ने इसमें भाग लिया। दौड़ का मकसद लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना था। इसमें समन्वय जसपाल सिंह गिल और केंद्र समन्वयक डॉ प्रदीप गुप्ता ने किया। सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट इस दौड़ का शीर्षक प्रायोजक था जिसमें यूको बैंक, एग्रीकल्चरल इन्श्योरेन्स कंपनी ऑफ इंडिया तथा आईएमएस ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट ने भागीदारी की।

## समाज को संस्कारवान बनाने में संस्कृत विदुषियों की भूमिका अहम : पर्वतारोही संतोष यादव

नई दिल्ली। मशहूर पर्वतारोही संतोष यादव ने कहा कि संस्कृत विदुषियां समाज को संस्कारवान बना सकती हैं और बच्चों को आत्मज्ञान की शिक्षा देने से वे अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकते है। विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को दो बार फतह कर चुकीं पर्वतारोही संतोष यादव ने कहा, ''संस्कृत की विदुषियां समाज को संस्कारवान बना सकती हैं। जन्म से पूर्व ही बच्चों को आत्मज्ञान की शिक्षा शुरू की जा सकती है, तब वह अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं और समाज को उचित दिशा दिखा सकते हैं।'' संतोष यादव राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय संस्कृत विदुषी सम्मेलन' को संबोधित कर रही थीं। सम्मेलन में 'समाज में संस्कृत की अहम भूमिका' विषय पर प्रकाश डाला गया। सत्यवती कॉलेज की प्राचार्य प्रो. अंजू सेठ की अगुवाई में इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (जनकपुरी) के कुलसचिव प्रोफेसर प्रो. गायत्री मुरली कृष्णा ने कहा, ''वेदों से लेकर आज तक समाज तथा राष्ट्र की उन्नति में संस्कृत विदुषियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।'' सम्मेलन की निदेशिका प्रो. कमला भारद्वाज ने कहा, ''यह विदुषी सम्मेलन 25 वर्षों के प्रयास से आज युवावस्था में पहुंच गया हैज इससे भविष्य में सभी संस्कृत अनुरागियों को फायदा मिलेगा।'' संस्कृत भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष दिनेश कामथ ने कहा, फ़संस्कृत विदुषियां ही विकसित भारत का आधार हैं क्योंकि संस्कृत से ही भारत की उन्नति संभव है। संस्कृत जन जीवन की जीवंत भाषा है। प्राचीन काल में यह सामान्य जन की बोलचाल की भी भाषा थी।फ़ इस मौके पर, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालीं 10 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## दिल्ली सरकार ने कृत्रिम बारिश के लिए केंद्र से अनुमति मांगी, प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की अपील

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बीच पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को केंद्र से इस मुद्दे से निपटने के लिए एक आपात बैठक बुलाने का आग्रह किया और कहा कि इस मामले में हस्तक्षेप करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नैतिक जिम्मेदारी है। राय ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ने राष्ट्रीय राजधानी में कृत्रिम बारिश की अनुमति देने के दिल्ली सरकार के बार-बार अनुरोध पर कोई कार्रवाई नहीं की है और वह केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को इस संबंध में फिर से पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में ग्रैप (ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान) चरण चार के प्रतिबंध लागू हैं और हम वाहनों एवं औद्योगिक प्रदूषण को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठा रहे हैं। शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से निजी वाहनों और ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।'' राय ने कहा, ''हम धुंध को कम करने के उपायों पर विचार करने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श कर रहे हैं। कृत्रिम बारिश विचाराधीन समाधानों में से एक है, जो प्रदूषकों को कम करने और हवा को साफ करने में मदद कर सकती है।'' उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने शहर में प्रदूषण की गंभीर स्थिति पर आपात बैठक बुलाने और कृत्रिम बारिश की अनुमति देने के दिल्ली सरकार द्वारा बार बार किए जा रहे अनुरोध का जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा, ''अगर केंद्र सरकार कार्रवाई नहीं कर सकती तो उनके (पर्यावरण) मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।'' राय ने इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी से भी हस्तक्षेप करने का आह्वान किया और कहा कि इस संबंध में कार्रवाई करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वह यादव को एक और पत्र लिखकर उनसे आपातकालीन बैठक बुलाने का आग्रह करने वाले हैं। उन्होंने कहा, ''दिल्ली सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, लेकिन केंद्र को आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों की एक बैठक बुलाकर नेतृत्व करना चाहिए जिन्होंने कृत्रिम वर्षा पर व्यापक शोध किया है। इसके लिए विभिन्न केंद्रीय विभागों की अनुमति और सहयोग की आवश्यकता है।'' राय ने कहा कि 'ग्रैप' को पूरे उत्तर भारत में लागू किया जाना चाहिए और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राज्यों पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। मंत्री ने कहा, ''अगर प्रदूषण की स्थिति ऐसे ही बनी रही तो ग्रैप-चार लागू रहेगा, हम कोई छूट नहीं देंगे।''

## दिल्ली में वायु प्रदूषण के बीच जामिया और जेएनयू ने कक्षाएं ऑनलाइन शुरू कीं

नई दिल्ली। दिल्ली में वायु प्रदूषण के बीच जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने अपने छात्रों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए सभी कक्षाओं को ऑनलाइन मोड में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। जेएमआई कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे में 23 नवंबर तक सभी कक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। नियमित रूप से फिजिकल मोड में कक्षाएं सोमवार 25 नवंबर से फिर शुरू होंगी। हालांकि, परीक्षाओं और साक्षात्कारों का कार्यक्रम अपरिवर्तित रहेगा। इसी तरह, जेएनयू ने वायु गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण 22 नवंबर तक ऑनलाइन कक्षाएं जारी रखने का फैसला किया है। रजिस्ट्रार प्रो. रविकेश द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि दिल्ली और एनसीआर में गंभीर वायु प्रदूषण और खतरनाक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के स्तर को देखते हुए और छात्रों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए विश्वविद्यालय ने 22 नवंबर तक ऑनलाइन मोड में कक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है।

# 'केजरीवाल शर्म करो' प्रदूषण को लेकर वीरेंद्र सचदेवा का दिल्ली सरकार के खिलाफ हल्ला बोल



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में आनंद विहार इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में 'सांसों का आपातकाल', 'दिल्ली बनी गैस चैंबर' जैसे तख्तियां लेकर 'शर्म करो केजरीवाल' जैसे नारे भी लगाए।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'आज की तारीख में दिल्ली में चौतरफा प्रदूषण का कहर देखने को मिल रहा है। इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है, तो वो दिल्ली सरकार का 10 साल का शासनकाल है। दिल्ली सरकार ने आज तक प्रदूषण को कम करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। यह उसी का नतीजा है कि आज की तारीख में दिल्ली में सांसों का आपातकाल घोषित हो चुका है।'

उन्होंने कहा, 'इस सरकार ने दिल्ली को बद से बदतर कर दिया है। हमारे द्वारा लगाया गया मास्क इस बात का सूचक है कि अगर समय रहते हुए आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल नहीं किया गया, तो दिल्ली में हर व्यक्ति को मास्क पहनने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।'

उन्होंने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'आप लोग टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत नहीं करते हैं। आप खुद प्रदूषण को कम करने के लिए कुछ नहीं करते हैं और पूरा दोष केंद्र सरकार को देते हैं। केंद्र सरकार ने तो अपने कार्यकाल में कई ऐसे प्रोजेक्ट को जमीन पर उतारने का काम किया है, जिससे आज दिल्ली में वाहनों का भार कम हुआ है। अगर इन प्रोजेक्ट्स को जमीन पर न उतारा जाता, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि केजरीवाल आप मुंह दिखाने के लायक नहीं रहते।'

उन्होंने आगे कहा, 'आप मौजूदा परिस्थिति की गंभीरता का अंदाजा महज इसी से लगा सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट को दिल्ली सरकार को फटकार लगाकर यह कहना पड़ रहा है कि आप (दिल्ली सरकार) हमसे बिना पूछे ग्रैप-4 नहीं हटाएंगे। दिल्ली में सांसों का आपातकाल है और निसंदेह इसके लिए केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है। आम आदमी पार्टी शासित राज्य पंजाब में पराली जलाई जा रही है। लेकिन, अरविंद केजरीवाल कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। इसका खामियाजा दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है।'

वहीं प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेता हर्ष मल्होत्रा ने भी प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'दिल्ली सरकार बार-बार केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है। लेकिन, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि दिल्ली के चारों तरफ ईस्टर्न-वेस्टर्न पेरिफेरल वे बनाया गया। यह इसलिए बनाया गया, ताकि दिल्ली के अंदर से जो 4 हजार वाहन यूपी से हरियाणा जाने के लिए गुजरते थे। अब उनको वहां जाने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार ने इतना बड़ा काम किया है।

उन्होंने आगे कहा कि मैं दिल्ली सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल सरकार ने 1 हजार करोड़ रुपए एनवायरमेंटल सेस के रूप में वसूला। उसका हिसाब दिया जाए, ताकि जनता के बीच में स्थिति स्पष्ट हो सके कि उसे कहां खर्च किया जाए। मैं आपको बताता हूं कि यह एक हजार करोड़ रुपए केजरीवाल सरकार ने खंभों पर उन पोस्टर्स को लगाने में खर्च किया है, जिसमें लिखा हुआ था कि हम दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाएंगे। कुल मिलाकर यह एक हजार करोड़ रुपए भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। दिल्ली सरकार को प्रदूषण को लेकर गंभीर कदम उठाने होंगे, नहीं तो दिल्ली की जनता को यह मास्क पहनना होगा।

# कांग्रेस की नीति और नीयत में खोट, दिवालिया होने के कगार पर सुक्खू सरकार: मनोज तिवारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश जारी किया है। जिसे लेकर भाजपा सुक्खू सरकार पर हमलावर हो गई है।

कोर्ट के इस आदेश पर लोकसभा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार दिवालिया होने के कगार पर है। कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में चुनाव के वक्त बड़े-बड़े वादे किये थे। उन्होंने हर महिला को 1500 रुपया देने का वायदा किया था, आज हर महिला अपने हक को लेकर उनसे सवाल पूछ रही है।

सांसद ने आगे कहा, हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति इतनी बदहाल हो चुकी है कि वहां के मंत्रियों और विधायकों को वेतन डोनेट करने को कहा जा रहा है। हिमाचल भवन का बिजली का बिल नहीं देने से हिमाचल भवन के कुर्की का आदेश सरकार के आर्थिक दिवालिएपन को दिखाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आप इसको दूसरी नजर से देखें तो जहां-जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां-वहां आर्थिक दिवालियापन और कुर्की देखने को मिलती रहती है। कांग्रेस की नीति और नीयत में खोट है, जिसका परिणाम जनता को भुगतना पड़ रहा है। सरकारी संपत्तियों की कुर्की का आदेश दिया जाना सुक्खू सरकार की विफलता को दिखाता है। कांग्रेस पार्टी को हिमाचल प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

दरअसल, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार लगभग 150 करोड़ रुपये का बिजली बकाया भुगतान करने में विफल रही है। अदालत ने विद्युत विभाग के प्रधान सचिव को इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करने के लिए कहा है।

इससे पहले प्रदेश सरकार को कंपनी द्वारा जमा की गई 64 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि सात प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाने का आदेश मिला था। हिमाचल प्रदेश सरकार की कोर्ट के इस आदेश की अवहेलना के बाद ब्याज समेत यह राशि अब 150 करोड़ पहुंच गई है। इस मामले में अगली सुनवाई छह दिसंबर को तय की गई है।

## घर से काम करने और सम-विषम उपायों पर जल्द ही फैसला किया जाएगा : गोपाल राय

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को कहा कि राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता से निपटने के लिए घर से काम करने और सम-विषम (ऑड-ईवन) जैसे उपायों को लागू करने के लिए जल्द ही फैसला किया जाएगा। गोपाल राय ने बताया, ''बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों सहित लोगों को सांस लेने में परे ?शानी हो रही है और हमें इस स्थिति पर बहुत अफसोस है।'' राष्ट्रीय राजधानी में रविवार से ही वायु गुणवत्ता ''बेहद खराब'' श्रेणी में बनी हुई है तथा एक्यूआई भी लगातार 450 से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। घर से काम करने के उपायों को लागू करने की संभावना पर राय ने कहा, ''हम जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे।'' मंत्री ने कहा कि सरकार ने दिल्ली में पहले ही चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के चौथे चरण को लागू कर दिया है और इसके तहत वाहनों पर अहम प्रतिबंध लगा दिए हैं। उन्होंने कहा, ''हम इन उपायों के प्रभाव का विश्लेषण कर रहे हैं। यदि विश्लेषण में सकारात्मक परिणाम मिलते हैं तो हम उसके अनुसार आगे का निर्णय लेंगे।'' राय ने वर्तमान स्थिति को चिकित्सीय आपातकाल करार देते हुए सभी लोगों द्वारा कार्रवाई करने की जरुरत पर जोर देते हुए कहा, ''यह चिकित्सीय आपातकाल का समय है और हम सभी को इस स्थिति से निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।''

# दिल्ली में प्रदूषण का कहर, सांसद मनोज तिवारी ने बांटे मास्क, बोले- जागरूक होना जरूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के नए उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में लोगों को मास्क बांटे। इस दौरान दोनों नेता आम लोगों को प्रदूषण के प्रति जागरूक करते हुए भी दिखे।

मास्क बांटने के बाद मनोज तिवारी ने पत्रकारों से इस संबंध में बातचीत भी की। उन्होंने कहा, 'मौजूदा समय में दिल्ली में प्रदूषण अपने खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। आलम यह है कि लोगों का सांस लेना दूभर हो चुका है। लोग अपनी जिंदगी को खतरे में डालने पर विवश हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में हम लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हम 3 करोड़ लोगों के बीच मास्क नहीं बांट सकते लेकिन उन्हें जागरूक कर सकते हैं। इससे लोगों के बीच में यह संदेश जाएगा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण अपने खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। इसी को देखते हुए मनोज तिवारी लोगों के बीच मास्क बांट रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'मैं मीडिया को धन्यवाद करना चाहूंगा, जो लगातार इस समस्या को चैनलों में दिखा रहे हैं। यह तो हमारा दुर्भाग्य है कि हम 2016 से यहां पर मास्क बांट रहे हैं। आप में से कई लोग इसमें शामिल भी होते रहे हैं। लेकिन, इसके बाद भी 2016 से लेकर 2024 तक की स्थिति एक समान ही है। लेकिन, हम क्या कर सकते हैं। हम सिर्फ अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। लेकिन, हमारी कोशिश रहनी चाहिए कि ऐसी स्थिति ही पैदा ना हो।'

उन्होंने कहा, 'यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि दिल्ली सरकार ने लोगों के बीच में मौत परोसी है। दिल्ली सरकार को लोगों के हितों से कोई लेना देना नहीं है। आज दिल्ली की जनता जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है।'

उन्होंने कहा, 'दिल्ली सरकार की लापरवाही का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि आज तक प्रदूषण को लेकर एक भी बैठक नहीं की गई है। यह लोग आसानी से केंद्र सरकार पर आरोप लगा देते हैं। हम बीते दिनों महाराष्ट्र चुनाव प्रचार के लिए गए थे, तो हमारा पटाखों से स्वागत किया गया। लेकिन, दिल्ली में तो फुलझड़ी भी नहीं फोड़ी गई। इसके बावजूद भी ऐसे हालात बने हुए हैं। इससे यह साफ जाहिर होता है कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है।'

## नेता प्रतिपक्ष ने 29 नवंबर से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा सत्र में प्रश्नकाल रखने की मांग की

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा के 29 नवम्बर से शुरू होने जा रहे 'शीतकालीन सत्र' में प्रश्नकाल रखने की मांग की है। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को लिखे पत्र में विजेन्द्र गुप्ता ने कहा है कि इस साल जितने भी सत्र रखे गए, उनमें से किसी एक में भी 'प्रश्नकाल' का प्रावधान नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में विधानसभा के सत्रों में 'प्रश्नकाल' का न रखना जनप्रतिनिधियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सातवीं विधानसभा के पांचवें सत्र के रूप में आगामी 29 नवंबर से आरंभ होने जा रहे 'शीतकालीन सत्र' में आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार ने प्रश्नकाल का प्रावधान नही रखा है। उन्होंने कहा कि विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के प्रति उत्तरदायी होते हैं और यह सदन ही एक ऐसा मंच है, जिसके माध्यम से सभी विधायक प्रश्नकाल में अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हैं और उसके समाधान की मांग करते हैं। यदि सत्र में प्रश्नकाल ही नहीं रखा जाएगा तो विधायक अपनी समस्याओं को कैसे सरकार के सामने उठाएंगे। इसके अलावा हमने अल्पावधिक चर्चा और ध्यानाकर्षण प्रस्तावों को भी विधानसभा की कार्यवाही में शामिल करने और इसमें विधायकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। विधानसभा अध्यक्ष से नेता प्रतिपक्ष ने मांग की है कि वह लोकतांत्रिक भावनाओं और व्यवस्थाओं का सम्मान करते हुए आगामी विधानसभा सत्र में प्रश्नकाल का प्रावधान सुनिश्चित करवायें ताकि जनप्रतिनिधि के रूप में सदन में उपस्थित सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन के समक्ष उठाने का अवसर प्राप्त हो सके।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर 'खतरनाक', लोग बोले- सांस नहीं ले पा रहे आंखें भी जल रहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन घनी धुंध छायी रही और प्रदूषण का स्तर 488 पर पहुंचे एक्यूआई के साथ 'बेहद गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। मंद हवाओं और गिरते तापमान के कारण प्रदूषक कणों का छंटना मुश्किल हो गया। दिल्ली के आसपास के इलाकों में पराली जलाने की घटनाओं के कारण उससे निकला धुंआ और प्रदूषक ठंडी हवा में घुलमिल जाते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को इस मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जब पारा पिछली रात के 16.2 डिग्री सेल्सियस से घटकर 12.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 488 दर्ज किया गया। राजधानी के 32 निगरानी केंद्रों में से 31 ने एक्यूआई का स्तर 480 से अधिक दर्ज किया। दो केंद्रों, अलीपुर और सोनिया विहार में यह अधिकतम 500 रहा। सोमवार को दिल्ली में छह वर्षों में दूसरी बार सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई और एक्यूआई 494 तक पहुंच गया। दिल्ली की वायु गुणवत्ता रविवार को पहली बार 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई, जिसके कारण अगली सुबह ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण चार के तहत कड़े प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करना पड़ा। इन उपायों के तहत आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या स्वच्छ ईंधन (एलएनजी/ सीएनजी/ बीएस-छह डीजल/ इलेक्ट्रिक) का उपयोग करने वाले ट्रकों को छोड़कर अन्य सभी ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध, निर्माण और तोड़ फोड़ की गतिविधियों पर पाबंदी तथा स्कूलों को बंद करना शामिल है। वर्ष 2017 में पहली बार अधिसूचित किए गए 'ग्रैप' के तहत वायु प्रदूषण रोधी कई उपाय लागू किए जाते हैं, जिसका पालन राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में किया जाता है। स्थिति की गंभीरता के आधार पर दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में वायु गुणवत्ता को चार अलग-अलग चरणों में वर्गीकृत करता है। चरण एक - 'खराब' (एक्यूआई 201-300), चरण दो - 'बहुत खराब' (एक्यूआई 301-400), चरण तीन - 'गंभीर' (एक्यूआई 401-450) और चरण चार - 'अत्यंत गंभीर' (एक्यूआई 450 से ऊपर)। मौसम संबंधी जानकारी देने वाले निजी मौसम केंद्र 'स्काईमेट वेदर' के मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में घने कोहरे के साथ-साथ मंद उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण प्रदूषक तत्व हवा में ही फंस गए हैं।

## चार मंजिला इमारत में लगी आग, बुजुर्ग महिला को बचाया

नई दिल्ली। नई दिल्ली, 19 नवंबर (वेब वार्ता)। उत्तरी दिल्ली के शक्ति नगर में सोमवार दोपहर एक चार मंजिला इमारत में आग लग गई। पूरी बिल्डिंग आग की चपेट में आकर धू-धू कर जलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथी मंजिल तक इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। इस आग में केवल परिवार के लोग सुरक्षित बच पाए। जबकि सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं गनीमत यह रही कि जिस इमारत में आग लगी थी, उसमें रहने वाले परिवार के लोग इमारत छोड़ कर बाहर आ गए थे। आग इतनी भयंकर थी कि उसके धुएं ने बराबर वाली इमारत को भी अपनी चपेट में ले लिया। उसी इमारत की चौथी मंजिल पर 75 वर्षीय महिला जो चलने में लाचार थी उनकी जान जोखिम में आ गई। मौके पर मौजूद रूप नगर थाना के एसएचओ रमेश कौशिक कुछ पुलिस कर्मियों के साथ धुएं से घिरी चौथी मंजिल पर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को सबने मिलकर सुरक्षित नीचे ले आए। जानकारी के अनुसार इस आग पर काबू पाने के लिए 20 से ज्यादा फायर की गाड़ी मौके पर पहुंची थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस हादसे में सकुशल बचने के बाद बुजुर्ग महिला सरोज बाला गुप्ता ने पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया और उनके हौसला की तारीफ की।

# कृत्रिम बारिश के लिए गोपाल राय ने लिखी केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्री को चिट्ठी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्री को कृत्रिम वर्षा के लिये एक बार फिर चिट्ठी लिखी है। गोपाल राय का कहना है कि दिल्ली में वाहनों पर लगातार प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और स्मॉग की चादर को हटाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि केंद्र सरकार को अगस्त से ही लगातार चिट्ठियां लिखी जा रही हैं। एक बार ऑनलाइन मीटिंग भी हुई लेकिन अब केंद्र सरकार के मंत्री मीटिंग करने को ही तैयार नहीं है। जबकि दिल्ली सरकार ने आर्टिफिशियल रेन की सारी तैयारी पहले से कर रखी है।

गोपाल राय ने कहा है कि पिछले तीन दिनों से पूरे उत्तर भारत में चाहे वो उत्तर प्रदेश हो, दिल्ली हो, पंजाब हो, राजस्थान और बिहार तक स्मॉग की चादर आसमान में फैली हुई है। ऐसे में दिल्ली के अंदर और दिल्ली के चारों तरफ ग्रेप 4 नियम लागू कर दिए गए हैं।

गोपाल राय ने बताया है कि हम ये कोशिश कर रहे हैं कि गाड़ियों पर ज्यादा से ज्यादा प्रतिबंध लगाया जाये। ये जो स्मॉग की चादर छाई हुई है इसे कैसे तोड़ा जाए। इसलिए हमे लगता है अब वो समय आ गया है कि दिल्ली के अंदर आर्टिफिशियल रेन करवाई जाए। इसके लिए इस साल हमने अगस्त में ही तैयारी शुरू कर दी थी। ताकि जब स्थिति खराब हो तो उस पर काम किया जा सके।

गोपाल राय ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि हम केंद्र सरकार को लंबे समय से चिट्ठी लिख कर उनसे टाइम मांग रहे हैं। एक बार उनसे ऑनलाइन मीटिंग हुई थी। ऐसे में बहुत ही दुख के साथ हमें कहना पड़ रहा है कि आज ऐसी सरकार केंद्र में बैठी है जिसके पास अगस्त, सितंबर, अक्टूबर और आज नवंबर में भी बार-बार चिट्ठी लिखने पर एक मीटिंग बुलाने के लिए समय नहीं है। शायद हमने विदेश में किसी दूसरे देश के मंत्री को इतनी चिट्ठी लिखी होती तो वो बैठक बुला लेते। मैं देश के प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं की अपने मंत्री साहब से बोलें कि मीटिंग तो बुलाएं।

केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को भेजे गए अपने पत्र में गोपाल राय ने लिखा है कि यह चौथा पत्र है, सर्दियों के महीनों के दौरान दिल्ली की वायु गुणवत्ता के संबंध में। जब धुंध और पर्यावरणीय गिरावट के कारण वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर बढ़ जाता है और क्लाउड सीडिंग को एक आपातकालीन उपाय के रूप में माना जाता है। आज की तारीख में दिल्ली में एक्यूआई पहले ही 450 के स्तर को पार कर चुका है और ग्रेप-द्वद्ध लागू कर दिया गया है और ग्रेप-द्वद्ध के तहत सभी उपाय दिल्ली में सख्ती से किए जा रहे हैं। दिल्ली सरकार पहले ही शीतकालीन कार्ययोजना लागू कर चुकी है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए तत्काल राहत के लिए वैकल्पिक समाधान तलाशने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

क्लाउड सीडिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें वातावरण से वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कृत्रिम रूप से बारिश कराई जाती है। दिल्ली सरकार ने आईआईटी कानपुर की मदद से पिछले साल ऐसे महत्वपूर्ण समय के दौरान कृत्रिम रूप से बारिश कराने और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक आपातकालीन उपाय के रूप में क्लाउड सीडिंग की खोज की थी और देखा कि इसे लागू करने के लिए विभिन्न एजेंसियों से पूर्व मंजूरी की आवश्यकता होती है।

यह देखते हुए कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में आ गई है, मेरा मानना है कि वर्तमान स्थिति में इस पद्धति के उपयोग पर तुरंत विचार करने की आवश्यकता है। अपने पत्र में गोपाल राय ने लिखा, 'मैं एक बार फिर आपसे अनुरोध करता हूं कि क्लाउड संचालन के लिए एनओसी/मंजूरी जारी करने में शामिल दिल्ली सरकार, आईआईटी कानपुर और अन्य सभी केंद्रीय सरकारी विभागों/एजेंसियों जैसे डीजीसीए, एमएचए, रक्षा मंत्रालय आदि के साथ तुरंत एक आपातकालीन बैठक बुलाएं।'




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहस्पत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# जी ले जरा-फैशन 2 की शूटिंग के लिए मुंबई लौटीं प्रियंका चोपड़ा?



बॉलीवुड देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बेहद ही स्टाइलिश लुक में मुंबई एयरपोर्ट पहुंचीं। उनको वापस भारत में देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं, साथ ही वह यह कयास लगा रहे हैं कि क्या वह फिल्म जी ले जरा या फिर फैशन 2 की शूटिंग के लिए मुंबई लौटी हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर प्रियंका चोपड़ा का स्टाइलिश लुक हर किसी को पसंद आया। एयरपोर्ट से बाहर निकलती हुई प्रियंका मुस्कुराती हुई नजर आईं। उनका यह लुक उनके प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। हाल ही में प्रियंका ने फिल्म द ब्लफ की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में खत्म की थी। उनके प्रशंसकों का कहना है कि प्रियंका मुंबई इसलिए वापस लौटीं ताकि वह अपनी बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा की शूटिंग शुरू कर सकें। हालांकि कुछ प्रशंसकों का कहना है कि क्या प्रियंका निर्देशक मधुर भंडारकर की फिल्म फैशन 2 में आने वाली हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में मधुर अभिनेत्री से मिलने उनके घर लॉस एंजेलिस गए थे।

हाल ही में लॉस एंजेलिस से फैशन डायरेक्टर मधुर भंडारकर के साथ उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। अभिनेत्री-निर्देशक की यह जोड़ी लंबे समय के बाद मिली और दोनों के बीच कुछ चर्चाएं भी हुईं। हालांकि यह बात साफ नहीं हो पाया है कि मुधर किसी बॉलीवुड प्रोजेक्ट के सिलसिले में प्रियंका से मिले थे या यह सिर्फ एक मुलाकात ही थी। मधुर ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा था, लॉस एंजेलिस में अपने शानदार घर पर टेलेंटेड प्रियंका चोपड़ा से मिलना और आकर्षक चर्चा में शामिल होना बहुत खुशी की बात थी। वहीं इन दोनों की साथ में तस्वीरें के बाद प्रशंसक फैशन 2 के आने के बारे में कमेंट करते नजए आए।

वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में द ब्लफ की शूटिंग पूरी की है, जिसके लिए वह ऑस्ट्रेलिया में शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म में प्रियंका के अलावा कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और वेदांतन नायडू भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रियंका फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। इस फिल्म में उनके साथ इदरीस एल्बा, जॉन सीना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

प्रियंका के बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स की बात करें तो, कथित तौर पर निर्देशक फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा में प्रियंका के साथ कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि अभी तक इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



# कोलकाता डॉक्टर मामले पर बोले जॉन अब्राहम

**कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के बाद देशभर के लोगों में गुस्सा है। फिल्मी कलाकार भी इस मामले पर खुलकर बोल रहे हैं। इसी सिलसिले में ताजा नाम जॉन अब्राहम का है, जो आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई घटना से काफी दुखी हैं। उन्होंने एक हालिया साक्षात्कार में महिला सुरक्षा को लेकर अपनी ओर से सुझाव दिया है।**

## लड़कों को दी अच्छा व्यवहार करने की सलाह

जॉन अब्राहम का कहना है कि माता-पिता को अपने बेटों को सही ढंग से व्यवहार करने के बारे में सिखाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी के स्वर में लड़कों से अच्छा बर्ताव करने को कहा। साथ ही मां-बाप से लड़कों की अच्छी परवरिश करने की भी उम्मीद जताई।

## मैं लड़कियों को कुछ नहीं कहूंगा

जॉन अब्राहम ने यह सब सुझाव रेडियो नशा को दिए एक हालिया साक्षात्कार में साझा किए। जॉन ने कहा कि वो लड़कियों को कुछ भी नहीं कहेंगे, क्योंकि उनकी गलती ही क्या है? बता दें कि ये पहला मौका नहीं है, जब जॉन अब्राहम ने महिला सुरक्षा को लेकर खुलकर अपनी बात रखी हो। उन्होंने रणवीर इलाहाबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि भारतीय पुरुषों को इस बात को समझना चाहिए कि उन्हें महिलाओं के साथ किस तरह का व्यवहार करना चाहिए।

बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है वेदा

इन दिनों जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा सिनेमाघरों में चल रही है। यह फिल्म जातिगत भेदभाव के मुद्दे पर बात करती है। इसमें शरवरी और अभिषेक बनर्जी ने भी अहम रोल अदा किया है। इसका निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती हुई दिख रही है। फिल्म ने अभी तक 17 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है।

# छावा में औरंगजेब के रूप में नजर आएंगे अक्षय खन्ना



कुछ दिन पूर्व विक्की कौशल के अभिनय से सजी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म छावा का टीजर जारी किया गया था। इस टीजर में युद्ध के कुछ दृश्य थे जिनमें सिर्फ विक्की कौशल नजर आ रहे थे। टीजर के अंत में दो क्षण के फिल्म का दूसरा मुख्य किरदार नजर आया जो मुस्लिम बादशाह के रूप में था। इस किरदार ने अपनी दो क्षण की उपस्थिति में वो चर्चा पाई है जो विक्की कौशल भी नहीं पा सके हैं। सब तरफ यह बात हो रही है कि यह अदाकार कौन है?

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा इस समय काफी चर्चा में है। फिल्म की कहानी मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, लेकिन इस फिल्म में औरंगजेब के किरदार को लेकर भी काफी उत्सुकता है।

फिल्म छावा में मुगल बादशाह औरंगजेब के किरदार के लिए सीनियर एक्टर अक्षय खन्ना को चुना गया है, जो अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं और अपने करियर में कई आइकॉनिक किरदार निभा चुके हैं। छावा पिछले काफी समय से चर्चा में है। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसमें विक्की कौशल फुल एक्शन मोड में नजर आए थे, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान अक्षय खन्ना ने खींचा क्योंकि टीजर में उन्हें पहचान पाना मुश्किल था। छावा के टीजर के आखिर में अक्षय थोड़ी देर के लिए औरंगजेब के किरदार में नजर आए, लेकिन उनका लुक और एक्टिंग ऐसी है कि इत्तेफाक एक्टर को पहचानने के लिए दोबारा टीजर देखना पड़ सकता है। छावा के साथ दर्शक अक्षय खन्ना को औरंगजेब के किरदार में एक नए अवतार में देख पाएंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इस ऐतिहासिक किरदार को किस तरह जीवंत करते हैं। छावा का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और हर कोई इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर कर रहे हैं। फिल्म में साउथ की सनसनी रश्मिका मंदाना के साथ विक्की कौशल और अक्षय खन्ना भी हैं।

# शादी के लिए इटली रवाना हुई एमी जैक्सन



सिंह इज ब्लिंग फेम बॉलीवुड एक्ट्रेस एमी जैक्सन शादी करने जा रही हैं। वह मंगेतर और ब्रिटिश एक्टर एड वेस्टविक से दो साल डेटिंग के बाद शादी कर रही हैं। एमी अपने बेटे एंड्रियास और मंगेतर के साथ प्राइवेट जेट से इटली रवाना हो गई हैं। इस कपल ने इटली के अमाल्फी कोस्ट को वेडिंग वेन्यू चुना है। एमी जैक्सन ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह मंगेतर एड, अपने होने वाले ससुराल वालों और अपने बेटे एंड्रियास के साथ उड़ान भरती नजर आ रही हैं। एमी जैक्सन ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, चलो बेबी, शादी कर लेते हैं।

एमी ने इसके साथ ही अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने लिखा, इटली, हम आ रहे हैं। बीते दिनों एमी ने प्राइवेट जेट में बैचलर पार्टी की थी। उनके मंगेतर एड वेस्टविक बेहद मशहूर टीवी शो गॉसिप गर्ल में चक बास के रोल के लिए काफी मशहूर हैं। दोनों ने इसी साल जनवरी में सगाई की थी। एड वेस्टविक ने इस साल जनवरी में स्विट्जरलैंड के गस्टाड में एमी जैक्सन को प्रपोज किया था। इस खूबसूरत पल की तस्वीरें काफी वायरल हुई थीं। तब कैप्शन में रिंग इमोजी के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए एमी ने लिखा, यकीनन हां। जबकि एड वेस्टविक ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, मैंने जैकपॉट मारा है।

एमी जैक्सन की एक बार पहले भी सगाई हो चुकी है। वह पहले बिजनसमैन जॉर्ज पानायियोटो को डेट करती थीं। दोनों ने सगाई की। उनका एक बेटा एंड्रियास भी पैदा हुआ। लेकिन शादी से पहले यह रिश्ता टूट गया। एमी जैक्सन फिल्मों से ज्यादा अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। 2011 में उन्हें फिल्म एक दीवाना था के सेट पर प्रतीक बब्बर से हुआ। लेकिन 2012 में दोनों का ब्रेकअप हो गया। इसके बाद वह तीन साल मुंबई छोड़ लंदन चली गईं। एमी जैक्सन ने साल 2010 में तमिल फिल्म मद्रासपट्टिनम से एक्टिंग की शुरुआत की थी। उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म प्रतीक बब्बर के साथ एक दीवाना था थी, जो 2012 में रिलीज हुई।



# हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी जैकलीन फर्नांडिस



हिंदी सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फ्रैंचाइज, हाउसफुल 5, लम्बे समय से चर्चाओं में हैं। अब यह फिल्म फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि आगामी माह से यह फिल्म शूटिंग शुरू कर रही है। निर्माता साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ फरदीन खान, रितेश देशमुख और संजय दत्त मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। 300 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनने वाली यह अब तक की सबसे महंगी हाउसफुल फिल्म है और निर्माता कास्टिंग के साथ इस फ्रैंचाइज़ को और भी बड़ा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। फिल्म का नेतृत्व करने के लिए शीर्ष ए लिस्ट अभिनेताओं को चुनने के बाद, साजिद नाडियाडवाला ने जैकलीन फर्नांडीज को हाउसफुल 5 की मुख्य महिला कलाकारों में से एक के रूप में चुना है। प्राप्त समाचारों के अनुसार जैकलीन को हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के साथ जोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि, जैकलीन हाउसफुल फ्रैंचाइज़ में वापसी को लेकर उत्साहित हैं। उन्हें कॉमिक स्पेस पसंद है और वह साजिद नाडियाडवाला और हाउसफुल फ्रैंचाइज़ के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने को लेकर उत्साहित हैं। सूत्र ने आगे बताया कि साजिद फिल्म में शामिल होने के लिए तीन अन्य शीर्ष अभिनेत्रियों से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। हाउसफुल 5 जून 2025 में रिलीज होगी और इसका निर्देशन तरुण मनसुखानी करेंगे।

# कहानी को और गहरा बनाता है तनाव 2 में मेरा किरदार



स्ट्रीमिंग शो 'तनाव' सीजन 2 में दिखाई देने वाले अभिनेता सत्यदीप मिश्रा ने कहा कि उनकी भूमिका शो की कहानी को और भी गहरा करती है और साथ ही इसे आगे बढ़ाने में मदद करती है। तनाव' इजरायली सीरीज 'फौदा' का भारतीय रूपांतरण है। कश्मीर में सेट की गई एक एक्शन से भरपूर कहानी में बहादुरी, धोखे, लालच, प्यार और बदले की कहानियों को दिखाया गया है। दूसरे सीजन में स्पेशल टास्क ग्रुप (एसटीजी) को एक नए खतरे का सामना करना पड़ता है, जब अल-दमिश्क नामक एक प्रतिशोधी युवक घाटी में आता है। शो में अपनी भूमिका के बारे में सत्यदीप ने आईएएनएस को बताया, यह सीजन पहले सीजन को आगे लेकर जाता है, जो शो को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाता है। हर एपिसोड दर्शकों को रोमांचित करेगा, जिसमें हर तरफ ट्विस्ट और सरप्राइज हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेशल टास्क ग्रुप का हिस्सा होने से उनके किरदार को एक स्थायी प्रभाव छोड़ने का एक अनूठा अवसर मिला है, चाहे वह देश की रक्षा करने या जान बचाने के बारे में हो।

उन्होंने कहा, यह भूमिका न केवल उनके लिए एक अभिनेता के रूप में चुनौती है, बल्कि यह इसकी कहानी को भी खास गहराई देती है। कोविड-19 महामारी से पहले की पृष्ठभूमि की कहानी पर आधारित यह शो एक सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा है, जो घाटी में राज्य द्वारा संचालित स्पेशल टास्क ग्रुप और पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के बीच संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमता है। शो के पहले सीजन में इसमें हरकत-उल-मुजाहिदीन, जमात-ए-इस्लामी कश्मीर जैसे आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों और एसटीजी द्वारा उनका मुकाबला करने के तरीके को दिखाया गया था। अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित तनाव का निर्देशन पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सुधीर मिश्रा और ई. निवास ने किया है। शो में मानव विज, गौरव अरोड़ा, अरबाज खान, रजत कपूर, सुखमणि सदाना, साहिबा बाली, अर्सलान गोनी, अमित गौर, एकता कौल और वलूशा देसूसा जैसे कलाकारों की टोली शामिल है। तनाव 2 सोनी लिव पर 6 सितंबर को रिलीज होगी।

# भावनाओं का एटम बम होगी गदर 3



**बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल गदर फ्रैंचाइजी की अगली किस्त में तीसरी बार तारा सिंह का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। गदर 2 की सफलता के बाद दर्शक गदर 3 देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अब फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने फिल्म से जुड़ी बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने हाल ही में एक बातचीत में सनी देओल स्टारर गदर फ्रैंचाइजी के अगले सीक्वल को भावनाओं का परमाणु बम बताया है।**

## गदर 3 पर शुरू हो चुका है काम

अनिल शर्मा ने एक बातचीत में फिल्म के बारे में बात करते हुए खुलासा किया कि उन्होंने गदर 3 पर काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही सनी देओल की तारा सिंह के रूप में वापसी की पुष्टि की है। निर्देशक ने कहा, हमने गदर 3 पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म से जुड़ी जब हर चीज हो जाएगी, तब हम इसे साझा करेंगे, अभी कुछ समय है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म गदर 2 को बनने में 20 साल लग गए। निर्देशक अनिल शर्मा ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि अगला भाग पहले की रिलीज की तुलना में बड़ा और बेहतर भावनात्मक पहलू वाला हो। उन्होंने कहा, गदर 3 तब आएगी जब स्क्रिप्ट पूरी हो जाएगी और मुझे लगता है कि यह सिर्फ भावनाओं का बम नहीं बल्कि भावनाओं का एटम बम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि कहानियों का सिलसिला जारी रहना चाहिए। मैं कहानी का सिलसिला जारी रखना चाहता हूं।